राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

■ देहरादून ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ वाराणसी से प्रकाशित

देहरादून

शुक्रवार ● 27 अगस्त ● 2021

पृष्ठ 20, वर्ष-14, अंक 5003, मूल्य ₹ 3.00

केंद्रीय कृषि मंत्री ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग से किसानों को किया संबोधित

उत्तरकाशी/एसएनबी। देश की आजारी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किसानों को संबोधित किया जिसका कृषि विज्ञान केन्द्र चिन्यालीसौड़ ने बड़े पर्दे पर सजीव प्रसारण किया। इस मौके पर किसानों को सब्जियों के बीज की किट भी वितरित की।

उत्तरकाशी गोष्ठी में किसानों को संबोधित करते कृषि वैज्ञानिक।

कार्यक्रम की थीम किसानों के लिए खाद्य एवं पोषण पर आधारित थी। इस दौरान केंद्र में किसान गोष्ठी एवं बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. चित्रांगद सिंह राघव ने किसानों व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोषण के महत्व पर जन जागरूकता का लाया जाना जरूरी है। उन्होंने पोषक वाटिका के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने किसानों को संतुलित आहार एवं पोषण प्रबंधन के बारे में चर्चा की।

कार्यक्रम में उद्यान विज्ञान विशेषज्ञ डा.पंकज नौटियाल ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत कर स्थानीय फसलों की पोषक महत्ता के बारे में चर्चा की। कृषक गोष्ठी एवं कृषक वैज्ञानिक संवाद में विभिन्न कृषकों ने अपनी बात और क्षेत्र में हो रही समस्याओं को वैज्ञानिकों के सम्मुख रखा। किसानों ने समस्याओ के उचित समाधान एवं केंद्र में चलाये जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम के अंत में कृषकों को आगामी सीजन में बोई जाने वाली सब्जियों के बीज किट भी वितरित किये गये। कार्यक्रम में केंद्र से रोहिणी खोब्रागडे ,वरुण सुप्याल, ख्याली राम, रीतिका भास्कर समेत विभिन्न वि वविद्यालयों से ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने आये बीएससी कृषि के प्रशिक्षु छात्र छात्राए और क्षेत्र के प्रगतिशील कृषकों समेत 70 से अधिक लोग मौजूद रहे।